दिनांक-09.10.2023 समय-2.10PM

आकाशवाणी भोपाल से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

विधानसभा चुनाव-ऐलान

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान हो गया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने आज नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मध्य प्रदेश में एक चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग होगी। इसके अलावा राजस्थान में 23 नवंबर को एक चरण में वोट डाले जाएंगे। मिजोरम में 7 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को एक ही फेज में वोट डाले जाएंगे। पांचों राज्यों में मतगणना एक ही दिन 3 दिसंबर को होगी। इसी के साथ आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में श्री कुमार ने सभी राजनीतिक दलों से आचार संहिता का पालन करने का आह्वहान किया।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 5 राज्यों में लगभग 16 करोड़ 14 मतदाता हैं। इनमें 8 करोड़ 20 लाख पुरुष मतदाता और 7 करोड़ 80 लाख मतदाता हैं। इस बार 60 लाख 20 हजार मतदाता पहली बार वोट डालेंगे।

विधानसभा चुनाव-तारीख

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के अंतर्गत सभी 230 सीटों के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। प्रत्याशियों के लिए नामांकन करने की

आखिरी तारीख 30 अक्टूबर है, जबकि दाखिल नामांकनों की जांच 31 अक्टूबर को होगी। प्रत्याशी 2 नवंबर तक नामांकन वापस ले सकेंगे। पूरे प्रदेश में एक ही चरण में 17 नवंबर को मतदान होगा। वहीं 3 दिसंबर को एक साथ मतगणना होगी और नतीजे घोषित किए जाएंगे।

चुनावी तैयारी

प्रदेश में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी, मुख्य विपक्षी कांग्रेस के साथ ही बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी ने चुनावी तारीखों के ऐलान के साथ तैयारियां तेज कर दी है। बीजेपी प्रदेश में अब तीन बार में 79 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर चुकी है। कांग्रेस ने अभी अपने प्रत्याशी घोषित नहीं किए हैं। बसपा, सपा और आप ने भी कुछ सीटों पर उम्मीदवार तय कर दिए हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभी मतदाताओं से अनुरोध किया कि वे चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें।

वहीं कांग्रेस ने भी मतदाताओं से चुनाव में सक्रिय भूमिका निभाते हुए अपने मत अधिकार का इस्तेमाल करने की अपील की है।

क्रिकेट विश्व कप

आईसीसी क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता में आज न्यूज़ीलैंड का सामना नीदरलैंड्स से है। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में न्यूज़ीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है।

इस बीच, कल रात भारत ने अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट

से हरा दिया। चेन्नई के एम चिदम्बरम स्टेडियम में हुए मुकाबले में 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 41 ओवर और 2 गेंदों में 4 विकेट के नुकसान पर 201 रन बना लिए। विराट कोहली ने 85 और के एल राहुल ने नाबाद 97 रन बनाए। के एल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

1- अगरमालवा में विधानसभा चुनाव के लिए अधिकारी मतदानकर्मियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण आज से शुरु हुआ। जो दो दिनों तक चलेगा।

2- गुना में कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय सीमा बैठक में कलेक्टर तरूण राठी ने विधानसभा निर्वाचन से संबंधित कार्यो के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

3- बैतूल के भैंसदेही में सीएम राईस विद्यालय में जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत 12 विद्यालयों के प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया।

4- मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा ग्वालियर में "सिलसिला एवं तलाशे जौहर" के तहत अख्तर नज़मी एवं नसीम रिफ़त की याद में विमर्श एवं रचना पाठ आयोजित किया गया।